राधे राधे बोल शाम आएँगे,आएँगे श्याम आएँगे, वृन्दावन कहाँ दूर है, बरसाना कहाँ दूर है, सब तेरी नजर का कसूर है, राधे राधे बोल श्याम आएँगे,आएँगे श्याम आएँगे।।

निकलेगा तेरी भक्ति का परिणाम, तेरे घर भी आएंगे घनश्याम, बस याद कर, फरियाद कर, ना यूँ जीवन बर्बाद कर, बीतें दिन लौट ना आएँगे, राधे राधे बोल श्याम आएँगे, आएँगे श्याम आएँगे ।।

ना देखे कोई धर्म करम ना जात, जाने बस भक्तों के दिल की बात, वो सब जान ले, पहचान ले, वो सब जान ले, पहचान ले, इक बार वो अपना मान ले, फिर आकर गले लगाएँगे, राधे राधे बोल श्याम आएँगे, आएँगे श्याम आएँगे।

लाखों में किसी एक को चुनते है, अन्दर की आवाज को सुनते है, सब जान ले, पहचान ले, इक बार वो अपना मान ले, फिर आकर गले लगाएँगे, राधे राधे बोल श्याम आएँगे, आएँगे श्याम आएँगे ।।

प्रेम के आंसू जिनके बहते है, उनके तो हरी अंग संग रहते है, मैं भी प्यासी हूँ हरिदासी हूँ,मैं भी प्यासी हूँ, हरिदासी हूँ,राधा जु की खासम ख़ास हूँ, सुनकर प्रभु देर ना लाएंगे, राधे राधे बोल श्याम आएँगे, आएँगे श्याम आएँगे ।।